www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# UGC NET Paper 2 June 29, 2014 Shift 1 History Question Paper

## PAPER-II
## HISTORY

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________
2. (Signature) __________________________
   (Name) ____________________________

OMR Sheet No. : ..............................................
(To be filled by the Candidate)

Roll No. | | | | | | | | |

(In figures as per admission card)

Roll No.________________________________
(In words)

**J 0 6 1 4**

Time : 1 ¼ hours] [Maximum Marks : **100**

Number of Pages in this Booklet : **16** Number of Questions in this Booklet : **50**

### Instructions for the Candidates

1. Write your roll number in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of fifty multiple-choice type of questions.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to you. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as below :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal and do not accept an open booklet.
   (ii) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to pages/questions missing or duplicate or not in serial order or any other discrepancy should be got replaced immediately by a correct booklet from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given.**
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each item has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** (A) (B) ● (D)
   where (C) is the correct response.
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Paper I Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done in the end of this booklet.
8. If you write your Name, Roll Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means such as change of response by scratching or using white fluid, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return the test question booklet and Original OMR Sheet to the invigilators at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry original question booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marks for incorrect answers.**
13. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions, English version will be taken as final.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस पृष्ठ के ऊपर नियत स्थान पर अपना रोल नम्बर लिखिए ।
2. इस प्रश्न-पत्र में पचास बहुविकल्पीय प्रश्न हैं ।
3. परीक्षा प्रारम्भ होने पर, प्रश्न-पुस्तिका आपको दे दी जायेगी । पहले पाँच मिनट आपको प्रश्न-पुस्तिका खोलने तथा उसकी निम्नलिखित जाँच के लिए दिये जायेंगे, जिसकी जाँच आपको अवश्य करनी है :
   (i) प्रश्न-पुस्तिका खोलने के लिए उसके कवर पेज पर लगी कागज की सील को फाड़ लें । खुली हुई या बिना स्टीकर-सील की पुस्तिका स्वीकार न करें ।
   (ii) **कवर पृष्ठ पर छपे निर्देशानुसार प्रश्न-पुस्तिका के पृष्ठ तथा प्रश्नों की संख्या को अच्छी तरह चैक कर लें कि ये पूरे हैं । दोषपूर्ण पुस्तिका जिनमें पृष्ठ/प्रश्न कम हों या दुबारा आ गये हों या सीरियल में न हों अर्थात् किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण पुस्तिका स्वीकार न करें तथा उसी समय उसे लौटाकर उसके स्थान पर दूसरी सही प्रश्न-पुस्तिका ले लें । इसके लिए आपको पाँच मिनट दिये जायेंगे । उसके बाद न तो आपकी प्रश्न-पुस्तिका वापस ली जायेगी और न ही आपको अतिरिक्त समय दिया जायेगा ।**
   (iii) इस जाँच के बाद OMR पत्रक की क्रम संख्या इस प्रश्न-पुस्तिका पर अंकित कर दें ।
4. प्रत्येक प्रश्न के लिए चार उत्तर विकल्प (A), (B), (C) तथा (D) दिये गये हैं । आपको सही उत्तर के वृत्त को पेन से भरकर काला करना है जैसा कि नीचे दिखाया गया है ।
   **उदाहरण :** (A) (B) ● (D)
   जबकि (C) सही उत्तर है ।
5. प्रश्नों के उत्तर **केवल प्रश्न पत्र I के अन्दर दिये गये OMR पत्रक पर ही** अंकित करने हैं । यदि आप OMR पत्रक पर दिये गये वृत्त के अलावा किसी अन्य स्थान पर उत्तर चिह्नांकित करते हैं, तो उसका मूल्यांकन नहीं होगा ।
6. अन्दर दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।
7. कच्चा काम (Rough Work) इस पुस्तिका के अन्तिम पृष्ठ पर करें ।
8. यदि आप OMR पत्रक पर नियत स्थान के अलावा अपना नाम, रोल नम्बर, फोन नम्बर या कोई भी ऐसा चिह्न जिससे आपकी पहचान हो सके, अंकित करते हैं अथवा अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं, या कोई अन्य अनुचित साधन का प्रयोग करते हैं, जैसे कि अंकित किये गये उत्तर को मिटाना या सफेद स्याही से बदलना तो परीक्षा के लिये अयोग्य घोषित किये जा सकते हैं ।
9. आपको परीक्षा समाप्त होने पर प्रश्न-पुस्तिका एवं मूल OMR पत्रक निरीक्षक महोदय को लौटाना आवश्यक है और परीक्षा समाप्ति के बाद उसे अपने साथ परीक्षा भवन से बाहर न लेकर जायें । हालांकि आप परीक्षा समाप्ति पर मूल प्रश्न-पुस्तिका तथा OMR पत्रक की डुप्लीकेट प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. **केवल नीले/काले बाल प्वाईंट पेन का ही इस्तेमाल करें ।**
11. **किसी भी प्रकार का संगणक (कैलकुलेटर) या लाग टेबल आदि का प्रयोग वर्जित है ।**
12. **गलत उत्तरों के लिए कोई नकारात्मक अंक नहीं हैं ।**
13. यदि अंग्रेजी या हिंदी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अंतिम माना जाएगा ।

Prepp
Your Personal Exams Guide

# HISTORY
## Paper – II

**Note :** This paper contains **fifty (50)** objective type questions of **two (2)** marks each. **All** questions are compulsory.

**1.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Grid system of excavation | i. | Pitt Rivers |
| b. | Principle of stratigraphy | ii. | R.E.M. Wheeler |
| c. | Radiocarbon method of dating | iii. | Thomas Jefferson |
| d. | Three dimensional method of recording | iv. | F.W. Libby |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**2.** In which area the neolithic man lived in underground pits ?

(A) Karnataka
(B) Assam
(C) Kashmir
(D) Madhya Pradesh

**3.** Match List – I (items found in Harappan sites) with List – II (possible sources) and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Copper | i. | Deccan |
| b. | Shell | ii. | Rajasthan |
| c. | Lapis Lazuli | iii. | Kutch |
| d. | Gold | iv. | Afghanistan |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i |

**4.** Which among the following weapons of war have not been found in the remains of the Harappan culture ?

(i) Bows and Arrows
(ii) Swords
(iii) Shields
(iv) Helmets

Select the correct answer with the help of the code given below :

(A) (i) only
(B) (i) and (ii)
(C) (ii) and (iii)
(D) (ii), (iii) and (iv)

**5.** Who among the following priests had the duty to supervise the performance of a sacrifice ?

(A) Hota
(B) Brahma
(C) Udgata
(D) Adhvaryu

**6.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Srautasutra | i. | Measuring of fire – altars |
| b. | Grihyasutra | ii. | Rules relating to sacrifices |
| c. | Dharmasutra | iii. | Domestic Rights |
| d. | Sulvasutra | iv. | Dharma or Law |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | i | ii | iii |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

# इतिहास

## प्रश्नपत्र – II

**निर्देश :** इस प्रश्नपत्र में **पचास (50)** बहु-विकल्पीय प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो (2)** अंक हैं । **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

**1.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. जाली प्रकार की उत्खनन पद्धति | i. पिट रीवर्स |
| b. स्तरविन्यास का सिद्धांत | ii. आर.ई.एम. व्हीलर |
| c. रेडियोकार्बन तिथिक्रम पद्धति | iii. थॉमस जेफरसन |
| d. त्रि-आयामी मापन पद्धति | iv. एफ.डब्ल्यू. लीबी |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iii | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | i | ii | iv |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**2.** किस क्षेत्र के उत्खनन से पता चलता है कि वहाँ नवपाषाण कालीन मानव जमीन में गड्ढा खोद कर रहता था ?

(A) कर्नाटक
(B) असम
(C) कश्मीर
(D) मध्य प्रदेश

**3.** सूची - I (हड़प्पीय पुरास्थल से प्राप्त सामग्री) को सूची - II (सम्भावित स्रोत) से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. ताँबा | i. दक्कन |
| b. शंख | ii. राजस्थान |
| c. लाजवर्द | iii. कच्छ |
| d. सोना | iv. अफगानिस्तान |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | i | ii |
| (B) | i | iii | ii | iv |
| (C) | ii | iii | i | iv |
| (D) | ii | iii | iv | i |

**4.** युद्ध के निम्नलिखित शस्त्रों में से कौन हड़प्पा संस्कृति के अवशेषों में अप्राप्य हैं ?

(i) धनुष और तीर
(ii) तलवार
(iii) ढाल
(iv) शिरस्त्राण

नीचे दिये गये कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) केवल (i)
(B) (i) और (ii)
(C) (ii) और (iii)
(D) (ii), (iii) और (iv)

**5.** निम्नलिखित पुरोहितों में से कौन यज्ञ के सम्पादन का निरीक्षण करता था ?

(A) होता
(B) ब्रह्मा
(C) उद्‌गाता
(D) अध्वर्यु

**6.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए तथा दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. श्रौत सूत्र | i. यज्ञवेदी को मापना |
| b. गृह्य सूत्र | ii. बलि सम्बन्धी नियम |
| c. धर्म सूत्र | iii. घरेलू अधिकार |
| d. सुल्व सूत्र | iv. धर्म अथवा विधि |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | iv | i |
| (B) | i | ii | iii | iv |
| (C) | iii | iv | ii | i |
| (D) | iv | i | ii | iii |

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**7.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Surya Siddhanta | i. | Romans |
| b. | Pudgala | ii. | Greeks |
| c. | Horashastra | iii. | Āryabhatta |
| d. | Arretine Ware | iv. | Jainism |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**8.** Match List – I (Officials) with List – II (Departments) and select the correct answer with the help of the codes given below :

| | List – I (Officials) | | List – II (Departments) |
|---|---|---|---|
| a. | Lakshanadhyaksha | i. | Superintendent of Mints |
| b. | Sitadhyaksha | ii. | Superintendent of Commerce |
| c. | Pautavadhyaksha | iii. | Superintendent of Agriculture |
| d. | Panyadhyaksha | iv. | Superintendent of Weights and Measures |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**9.** Which inscription of Ashoka gives an account of Kalinga War ?
(A) Jaugada Rock Inscription
(B) Dhauli Rock Inscription
(C) Rummindei Pillar Inscription
(D) Shahbajgarhi Rock Edict

**10.** Who among the following rulers is the last ruler of the Satavahana dynasty ?
(A) Siri Yajna
(B) Siri Satakarni
(C) Pulumavi IV
(D) Siva Siri Pulumavi

**11.** Who was the first Mathematician to calculate the correct value of pi (π) ?
(A) Āryabhatta I
(B) Āryabhatta II
(C) Varāhmihira
(D) Brahmagupta

**12.** Which one of the following territories was not ruled by King Chandragupta – I ?
(A) Prayaga (B) Saketa
(C) Vaishali (D) Magadha

**13.** St. Thomas come to India for the propagation of Christianity during the reign of
(A) Akbar
(B) Gondophernes
(C) Kadphises
(D) Jahangir

**14.** What is the correct chronological sequence of the following Buddhist sites ?
(A) Nalanda, Nagarjunikonda, Amravati, Sanchi
(B) Nagarjunikonda, Sanchi, Amravati, Nalanda
(C) Sanchi, Amravati, Nagarjunikonda, Nalanda
(D) Sanchi, Nagarjunikonda, Amravati, Nalanda

**15.** Who among the following officers was not a functionary under the Mauryan Administration ?
(A) Pradesikas (B) Rajukas
(C) Yuktas (D) Nayakas

**7.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए और दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I** | **सूची – II** |
|---|---|
| a. सूर्य सिद्धांत | i. रोम |
| b. पुद्गल | ii. यूनानी |
| c. होराशास्त्र | iii. आर्यभट्ट |
| d. ऐरिताइन मृद्भाण्ड | iv. जैन |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | iv | ii | i |
| (B) | iii | ii | i | iv |
| (C) | ii | iii | iv | i |
| (D) | i | ii | iv | iii |

**8.** सूची - I (अधिकारी) को सूची - II (विभाग) से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (अधिकारी)** | **सूची – II (विभाग)** |
|---|---|
| a. लक्षणाध्यक्ष | i. टकसाल विभाग का अध्यक्ष |
| b. सीताध्यक्ष | ii. वाणिज्य विभाग का अध्यक्ष |
| c. पौतवाध्यक्ष | iii. कृषि विभाग का अध्यक्ष |
| d. पण्याध्यक्ष | iv. माप-तौल विभाग का अध्यक्ष |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | i | ii | iii |
| (B) | i | iii | iv | ii |
| (C) | iii | ii | i | iv |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**9.** अशोक ने अपने किस अभिलेख में कलिंग युद्ध का उल्लेख किया है ?

(A) जौगड़ शिलालेख

(B) धौली शिलालेख

(C) रुम्मिनदेई स्तम्भ लेख

(D) शाहबाजगढ़ी शिल्प राजाज्ञा

**10.** निम्नलिखित शासकों में से कौन सा सातवाहन वंश का अन्तिम शासक था ?

(A) सिरी यज्ञ

(B) सिरी शातकर्णी

(C) पुलुमावि IV

(D) शिव सिरी पुलुमावि

**11.** किस गणितज्ञ ने सर्वप्रथम पाई ($\pi$) के मूल्य की सही गणना की थी ?

(A) आर्यभट्ट-I

(B) आर्यभट्ट-II

(C) वराहमिहिर

(D) ब्रह्मगुप्त

**12.** निम्नलिखित क्षेत्रों में से किस क्षेत्र पर चन्द्रगुप्त-I का शासन <u>नहीं</u> रहा ?

(A) प्रयाग

(B) साकेत

(C) वैशाली

(D) मगध

**13.** भारत में किसके शासनकाल में ईसाई धर्म के प्रचार हेतु संत थॉमस आया था ?

(A) अकबर

(B) गोण्डोफरनीस

(C) कडफिसिस

(D) जहाँगीर

**14.** निम्नलिखित बौद्ध पुरास्थलों का सही कालानुक्रम क्या है ?

(A) नालंदा, नागार्जुनीकोण्ड, अमरावती, सांची

(B) नागार्जुनीकोण्ड, सांची, अमरावती, नालंदा

(C) सांची, अमरावती, नागार्जुनीकोण्ड, नालंदा

(D) सांची, नागार्जुनीकोण्ड, अमरावती, नालंदा

**15.** निम्नलिखित अधिकारियों में से कौन सा अधिकारी मौर्यकाल के प्रशासन में नहीं था ?

(A) प्रादेशिक

(B) राजुक

(C) युक्त

(D) नायक

Prepp Your Personal Exam Guide

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** With the establishment of Turkish rule, the art of history writing was firmly established in India.

**Reason (R) :** The Sultanate period witnessed development of paper industry in India.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ? Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**17.** Who proclaimed that the mason and stone cutters of Delhi were superior to their fellow craftmen in the whole Muslim World ?
(A) Amir Khusro
(B) Minhaj-us-Siraj
(C) Ibn Batuta
(D) Isami

**18.** Who among the following used to look after the army during the Sultanate period ?
(A) Naib
(B) Wazir
(C) Qazi
(D) Ariz-i Mamaliq

**19.** The country is for the most part well cultivated, very fertile, the troops amount in number to eleven lakhs.
Who made the above statement in respect of Vijayanagara State ?
(A) Nuniz
(B) Abdur Razzak
(C) Nicolo Conti
(D) D. Barbosa

**20.** Who among the following opined that 'A woman cannot acquit herself well as a ruler for she is essentially deficient in intellect' ?
(A) Minhaj-us-Siraj
(B) Ziyauddin Barni
(C) Isami
(D) Yahya Bin Ahmad

**21.** Consider the following statements about Sher Shah Suri :
1. Sher Shah established an empire extending from Afghanistan to Orissa.
2. His use of Hindavi language in administration was a measure of his practical sense.
3. He enforced law and order with heavy hand.
4. He withdrew the circulation of gold coins.

Which of the above statements are correct ? Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**
(A) 1, 3 (B) 2, 3
(C) 1, 4 (D) 2, 4

**22.** Arrange the following in correct chronological order and select the correct answer from the codes given below :
(i) Battle of Khanwa
(ii) Battle of Palkhed
(iii) Battle of Chausa
(iv) Battle of Dhrmat

**Codes :**
(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (iii), (i), (ii), (iv)
(C) (ii), (i), (iv), (iii)
(D) (iv), (ii), (iii), (i)

**23.** Which of the following historical accounts was <u>not</u> written during the reign of Akbar ?
(A) Tarikh-i Firishta
(B) Humayunnama
(C) Tarikh-i Shershahi
(D) Tabaqat-i Akbari

Prepp
Your Personal Exams Guide

**16.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमें से एक अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है :

**अभिकथन (A)** : भारत में तुर्क साम्राज्य की स्थापना के साथ ही इतिहास लेखन कला दृढ़ता से स्थापित हो गई थी ।

**तर्क (R)** : सल्तनत काल में भारत में कागज़ उद्योग विकसित हुआ ।

उपर्युक्त कथनों को पढ़िए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है ।
(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है ।

**17.** यह किसका कथन है कि दिल्ली के राजगीर एवम् संगतराश समस्त मुसलमान जगत में पाये जाने वाले उन शिल्पकारों से अधिक उत्तम हैं ?

(A) अमीर खुसरो
(B) मिन्हाज-उस-सिराज
(C) इब्न बतूता
(D) इसामी

**18.** सल्तनत काल में सेना की प्रशासनिक देखभाल निम्नांकित में से कौन करता था ?

(A) नायब
(B) वज़ीर
(C) क़ाज़ी
(D) आरिज़-ए ममालिक

**19.** 'देश में अधिकांशत: अच्छी कृषि जोत है एवं भूमि बहुत उपजाऊ है, सैन्य संख्या लगभग ग्यारह लाख है ।' विजयनगर राज्य से सम्बन्धित उपरोक्त कथन किसका है ?

(A) नूनिज
(B) अब्दुर्रज्जाक
(C) निकोलो कोन्टी
(D) डी. बारबोसा

**20.** निम्नलिखित में से किसका यह मत है कि "एक महिला एक शासक के रूप में अपने दायित्व का भलीभाँति पूर्वक निर्वाह नहीं कर सकती क्योंकि मूलभूत रूप में उसमें बुद्धि सम्पन्नता की कमी है ।" ?

(A) मिन्हाज-उस सिराज
(B) ज़ियाऊद्दीन बर्नी
(C) इसामी
(D) याह्या बिन अहमद

**21.** शेरशाह सूरी के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

(1) शेरशाह ने अफगानिस्तान से लेकर उड़ीसा तक फैले हुए साम्राज्य की स्थापना की ।
(2) प्रशासन में हिन्दवी भाषा का प्रयोग करना शेरशाह के व्यावहारिक ज्ञान का द्योतक है ।
(3) उसने कठोरता से कानून व व्यवस्था को लागू किया ।
(4) शेरशाह ने सोने के सिक्कों का चलन समाप्त कर दिया ।

उपरोक्त कथनों में से कौन से सही हैं ? नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :

**कूट** :

(A) 1, 3 (B) 2, 3
(C) 1, 4 (D) 2, 4

**22.** निम्नलिखित को सही कालक्रम में रखकर कूट में दिए गए उत्तरों में से कौन सा सही उत्तर है चिन्हींत करें ?

(i) खानवा का युद्ध
(ii) पालखेड का युद्ध
(iii) चौसा का युद्ध
(iv) धरमत का युद्ध

**कूट** :

(A) (i), (iii), (iv), (ii)
(B) (iii), (i), (ii), (iv)
(C) (ii), (i), (iv), (iii)
(D) (iv), (ii), (iii), (i)

**23.** निम्नलिखित में से किस ऐतिहासिक ग्रंथ की रचना अकबर के शासन काल में नहीं की गई थी ?

(A) तारीख-ए-फरिश्ता
(B) हुमायूँनामा
(C) तारीख-ए-शेरशाही
(D) तबकात-ए-अकबरी

**24.** Which of the following historians writes that Nur Jahan's "relations and connections were exalted by favours of all kind" ?
(A) Mutamad Khan
(B) Inayat Khan
(C) Khwaja Kamgar Khan
(D) Abdul Hamid Lahori

**25.** Which of the following statements is true ?
(A) Like Europe, the nobility in Mughal India was a legal category.
(B) The Mughal nobles were not involved in the task of administration at higher level.
(C) The social distinctions between the Iranis, Turanis and the Shaikhzada nobles disappeared.
(D) The nobles whose ancestors had been in the Mughal Imperial service for more than a generation were called Khanazads.

**26.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | Francois Bernier | i. | A Dutch traveller who visited India during the reign of Jahangir. |
| b. | Tavernier | ii. | A French traveller who was a jeweller by profession and who was in India during the reigns of Shah Jahan and Aurangzeb. |
| c. | Pelsaert | iii. | An Englishman who visited India during the reign of Akbar. |
| d. | Ralph Fitch | iv. | A French physician who visited India during the reign of Aurangzeb and believed that King was the owner of all land in India. |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | i | iii |
| (B) | iv | ii | iii | i |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**27.** Match List – I with List – II and select the correct answer from the codes given below :

| | List – I | | List – II |
|---|---|---|---|
| a. | *Ijara* | i. | A method of land revenue assessment and collection under the Mughals |
| b. | *Hasil* | ii. | The system of revenue farming |
| c. | *Ghalla bakhshi* | iii. | Area under crop failure |
| d. | *Nabud* | iv. | Actually realised revenue under the Mughals |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | i | iii |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**28.** Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R) :
**Assertion (A) :** In military terms Aurangzeb's reign was undistinguished.
**Reason (R) :** He could not subjugate the Marathas.
In the context of the above two statements, which one of the following is correct ?
**Codes :**
(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).
(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).
(C) (A) is true, but (R) is false.
(D) (A) is false, but (R) is true.

**29.** 'The reality of Mughal centralized power is one matter, whether it was 'good or bad' quite another.'
Who made the above statement ?
(A) J.F. Richards
(B) Irfan Habib
(C) Satish Chandra
(D) Jadunath Sarkar

**24.** निम्नलिखित में से किस इतिहासकार ने लिखा है कि "नूरजहाँ के सम्बन्धियों एवं जानकारों को हर प्रकार के अनुग्रह से बढ़ावा दिया गया ।" ?

(A) मुत्तमिद ख़ान
(B) इनायत ख़ान
(C) ख़्वाजा कामगार ख़ान
(D) अब्दुल हमीद लाहोरी

**25.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?

(A) मुग़ल कालीन भारत में अमीर वर्ग यूरोप की तरह एक विधि सम्मत वर्ग था ।
(B) मुग़ल अमीरों को उच्च स्तरीय प्रशासन में शामिल नहीं किया गया था ।
(C) ईरानी, तूरानी एवं शेख़ज़ादा अमीरों के बीच सामाजिक विभेद लुप्त हो गया था ।
(D) वह अमीर जिनके पूर्वज एक पीढ़ी से अधिक मुग़ल शासकीय सेवा में रहे थे उन्हें ख़ानाज़ाद कहा गया ।

**26.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | फ्रेंको बर्नियर | i. | एक डच यात्री जो जहाँगीर के शासन काल में भारत आया । |
| b. | टेवर्नियर | ii. | एक फ्रांसीसी यात्री जो व्यवसाय से जौहरी था और शाहजहाँ एवं औरंगज़ेब के शासन काल में भारत आया । |
| c. | पेलसार्ट | iii. | एक अंग्रेज यात्री जो अकबर के शासन काल में भारत आया । |
| d. | राल्फ फिच | iv. | एक फ्रांसीसी चिकित्सक जो औरंगजेब के शासन काल में भारत आया तथा जिसकी यह मान्यता थी कि भारत में शासक ही समस्त भूमि का स्वामी है । |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | i | iii |
| (B) | iv | ii | iii | i |
| (C) | ii | iv | i | iii |
| (D) | ii | iv | iii | i |

**27.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए और निम्न कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| | **सूची – I** | | **सूची – II** |
|---|---|---|---|
| a. | इजारा | i. | भूमि लगान निर्धारण एवं एकत्रण का मुग़लों के अन्तर्गत एक तरीक़ा |
| b. | हासिल | ii. | लगान को ठेके पर देने की प्रथा |
| c. | ग़ल्ला बख़्शी | iii. | वह क्षेत्र जहाँ फसल ख़राब हो गई हो । |
| d. | नाबूद | iv. | मुग़लों के अन्तर्गत भूमि लगान की वास्तविक वसूली |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iv | ii | i | iii |
| (B) | ii | iv | i | iii |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iii | i | iv | ii |

**28.** नीचे दो वक्तव्य दिए गए हैं, एक को कथन (A) कहा गया है एवं दूसरे को कारण (R) :

**कथन (A)** : सैन्य दृष्टि के सन्दर्भ में औरंगजेब का शासन अलंकृत नहीं था ।

**तर्क (R)** : वह मराठों को नियंत्रण में नहीं ला सका था ।

उपरोक्त दो वक्तव्यों के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं एवं (R), (A) की सही व्याख्या है ।
(B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।
(C) (A) सही है, किन्तु (R) गलत है ।
(D) (A) सही नहीं है, किन्तु (R) सही है ।

**29.** "मुग़ल केन्द्रीकृत सत्ता की वास्तविकता एक बात है, वह अच्छी थी अथवा बुरी थी यह दूसरी बात है ।" उपरोक्त कथन किसका है ?

(A) जे.एफ. रिचर्ड्स
(B) इरफान हबीब
(C) सतीश चन्द्र
(D) जदुनाथ सरकार

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**30.** Match List-I with List-II and select the correct answer from the codes given below :

| List – I (Name of the Department of the Central Government under Shivaji) | List – II (Title of the Head of the Department) |
|---|---|
| a. Department of Royal Household and Court Affairs | i. Amatya |
| b. Department of Foreign Affairs | ii. Mantri |
| c. Department of Royal Correspondence | iii. Sumant |
| d. Finance Department | iv. Sachiv |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | iii | ii | i | iv |

**31.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other is labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Weak statesmen and incompetent commanders were responsible for the rapid disintegration of the Mughal Empire in the first half of the Eighteenth century.

**Reason (R) :** The Mughal statesmen and nobles of this period were preoccupied with their own interest and had little concern for the fate of the Empire.

In the context of the above two statements, which one of the following is correct ? Select the correct answer from the codes given below :

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**32.** The only major industry in the hands of Indian capitalists during the late nineteenth century was

(A) Cotton textile

(B) Jute

(C) Iron and steel

(D) None of the above

**33.** A young Maharashtrian who joined the revolutionary movement in Punjab was :

(A) Sukhdev (B) Rajguru

(C) Namdev (D) Vasudev

**34.** Who stated that the object of the political dacoities must be to secure money belonging to the Government ?

(A) Ramprasad Bismil

(B) Surya Sen

(C) Pritilata Waddedar

(D) Sukhdev

**35.** Arrange the following in correct chronological order and select the correct answer with the help of the code given below :

(i) Minto

(ii) John Shore

(iii) Cornwallis

(iv) Warren Hastings

**Codes :**

(A) (iv), (ii), (i), (iii)

(B) (iii), (ii), (iv), (i)

(C) (i), (ii),(iii), (iv)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

www.prepp.in

**30.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

| **सूची – I (शिवाजी के अन्तर्गत केन्द्रीय शासन के विभागों के नाम)** | **सूची – II (विभाग के अध्यक्ष का पद)** |
|---|---|
| a. राज परिवार एवं दरबारी मामलों से सम्बन्धित विभाग | i. अमात्य |
| b. विदेशी मामलों से सम्बन्धित विभाग | ii. मंत्री |
| c. शाही पत्र-व्यवहार सम्बन्धी विभाग | iii. सुमन्त |
| d. वित्त विभाग | iv. सचिव |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | ii | iii | i | iv |
| (B) | ii | iii | iv | i |
| (C) | iii | ii | iv | i |
| (D) | iii | ii | i | iv |

**31.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, उनमें से एक अभिकथन (A) और दूसरा तर्क (R) है :

**अभिकथन (A)** : अठारहवीं शताब्दी के पूर्वार्द्ध में मुग़ल साम्राज्य के तीव्र विघटन के लिए निर्बल राजनीतिज्ञ एवं अयोग्य सेनानायक उत्तरदायी थे ।

**तर्क (R)** : इस काल के मुग़ल राजनीतिज्ञ और अमीर अपने स्वार्थों की पूर्ति में व्यस्त थे । उन्हें साम्राज्य की नियति में कोई रूचि नहीं थी ।

उपर्युक्त दो कथनों के प्रसंग में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) का सही स्पष्टीकरण है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) का सही स्पष्टीकरण नहीं है ।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) गलत है ।

(D) (A) गलत है, लेकिन (R) सही है ।

**32.** 19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में भारतीय पूँजीवादियों के हाथ में मात्र कौन सा प्रमुख उद्योग था ?

(A) कपास से निर्मित कपड़ा उद्योग

(B) पटसन उद्योग

(C) लोहा एवं स्टील उद्योग

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

**33.** महाराष्ट्र के एक युवा जिसने पंजाब के क्रांतिकारी आन्दोलन में भाग लिया ?

(A) सुखदेव

(B) राजगुरु

(C) नामदेव

(D) वासुदेव

**34.** निम्नलिखित में से किसने कहा था कि "राजनीतिक डकैतियों का लक्ष्य सरकारी धन को प्राप्त करना है ।" ?

(A) रामप्रसाद बिस्मिल

(B) सूर्य सेन

(C) प्रीतिलता वड्डेदार

(D) सुखदेव

**35.** निम्नलिखित को कालक्रमानुसार क्रमबद्ध कीजिए तथा नीचे दिये गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए :

(i) मिण्टो

(ii) जॉह्न शोर

(iii) कार्नवालिस

(iv) वारेन हेस्टिंगज

**कूट** :

(A) (iv), (ii), (i), (iii)

(B) (iii), (ii), (iv), (i)

(C) (i), (ii),(iii), (iv)

(D) (iv), (iii), (ii), (i)

www.prepp.in

36. Who commented 'Oriental learning, is inferior to European learning ?"
(A) Charles Wood
(B) William Carrey
(C) Lord Macaulay
(D) William Hunter

37. Who were called 'Neo Nationalists' ?
(A) Moderators
(B) Swarajists
(C) Extremists
(D) Revolutionaries

38. Who set up the Agricultural Research Institute at Pusa ?
(A) Lytton (B) Rippon
(C) Curzon (D) Minto

39. Match List – I with List – II and select the correct answer with the help of the codes given below :

| List – I (Commission) | List – II (Chairman) |
|---|---|
| a. Famine Commission 1899 | i. Thomas Robertson |
| b. Railway Commission 1901 | ii. Thomas Raleigh |
| c. Irrigation Commission 1901 | iii. Anthony MacDonnell |
| d. Universities Commission 1902 | iv. Sir Colin Scott Moncrieff |

**Codes :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | i | iv | ii | iii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | i | iii | ii | iv |

40. Who of the following poets wrote in praise of Russian Revolution of 1917 ?
(A) Subramanya Bharati
(B) Muhammad Iqbal
(C) Sarojini Naidu
(D) Rabindranath Tagore

41. In which year Dacca Anushilan Samiti was founded ?
(A) 1902
(B) 1903
(C) 1904
(D) 1905

42. Who among the following said, "For me every tiniest activity is governed by what I consider to be my religion" ?
(A) Swami Vivekanand
(B) V.D. Savarkar
(C) Mahatma Gandhi
(D) Subhash Chandra Bose

43. The All India Women's Conference was started in 1927 to
(A) promote women's education
(B) increase women's share in the legislatures
(C) enhance women's employment
(D) campaign for women's voting rights

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**36.** 'पूर्वी ज्ञान यूरोपी ज्ञान से घटिया है ।' यह टिप्पणी किसकी है ?

(A) चार्ल्स वुड

(B) विलियम कैरे

(C) लॉर्ड मैकाले

(D) विलियम हण्टर

**37.** 'नव-राष्ट्रवादी' किन्हें कहा जाता था ?

(A) नरम दल

(B) स्वराजवादी

(C) गर्मदल

(D) क्रांतिकारी

**38.** पूसा में कृषि अनुसंधान संस्थान किसने स्थापित किया ?

(A) लिटन

(B) रिपन

(C) कर्ज़न

(D) मिंटो

**39.** सूची - I को सूची - II से सुमेलित कीजिए तथा दिये गये कूट में से सही उत्तर चुनिए :

| **सूची – I (आयोग)** | **सूची – II (अध्यक्ष)** |
|---|---|
| a. अकाल आयोग 1899 | i. थॉमस राबर्टसन |
| b. रेलवे आयोग 1901 | ii. थॉमस रैले |
| c. सिंचाई आयोग 1901 | iii. एंथनी मेक्डोनाल्ल |
| d. विश्वविद्यालय आयोग 1902 | iv. सर कालिन स्कॉट मानक्रिफ |

**कूट :**

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | iii | i | iv | ii |
| (B) | i | iv | ii | iii |
| (C) | iv | ii | iii | i |
| (D) | i | iii | ii | iv |

**40.** निम्नलिखित कवियों में से किसने रूसी क्रांति 1917 के अभिनन्दन में कविता लिखी थी ?

(A) सुब्रामण्य भारती

(B) मोहम्मद इकबाल

(C) सरोजिनी नायडू

(D) रवीन्द्रनाथ टैगोर

**41.** ढाका अनुशीलन समिति की स्थापना किस वर्ष में हुई ?

(A) 1902

(B) 1903

(C) 1904

(D) 1905

**42.** "मेरा प्रत्येक लघुतम कार्यकलाप उस द्वारा निर्देशित होता है, जिसे मैं धर्म समझता हूँ ।" निम्नलिखित में से यह किसका कथन है ?

(A) स्वामी विवेकानन्द

(B) वी.डी. सावरकर

(C) महात्मा गाँधी

(D) सुभाषचन्द्र बोस

**43.** 1927 में अखिल भारतीय महिला कॉंफ्रेंस का प्रारम्भ किस लक्ष्य को लेकर हुआ ?

(A) महिला शिक्षा में वृद्धि करना ।

(B) विधान सभाओं में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाना ।

(C) महिलाओं के रोजगार को बढ़ाना ।

(D) महिलाओं के मताधिकार के लिए अभियान चलाना ।

Prepp Your Personal Exam Guide

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

**44.** Who of the following led a delegation to London to demand Female Franchise ?

(A) Annie Besant

(B) Sucheta Kripalani

(C) Sarla Devi

(D) Sarojini Naidu

**45.** Which of the following is not true of the Cabinet Mission plan ?

(A) It rejected the creation of a separate State of Pakistan.

(B) It recognized India's right to secede from the Commonwealth.

(C) All members of the Indian Cabinet are to be Indians.

(D) It gave scope to the communal representation.

**46.** The Nehru-Liaqat Pact between India and Pakistan was signed in 1950 to resolve the issue of

(A) Protection of Minorities

(B) The accession of the Princely States

(C) The Border disputes

(D) Foreign Relations

**47.** Where was Panchayat Raj first introduced ?

(A) Tamil Nadu

(B) Rajasthan

(C) Maharashtra

(D) Andhra Pradesh

**48.** Which one of the following statements is not correct about Black Death ?

(A) The blood sucking fleas, that lived on black rats were responsible for the spread of Black Death.

(B) Plague was called Black Death because of the deadly black swellings it caused.

(C) The terrible disease was transmitted from Asia to Europe in the fifteenth century.

(D) People thought that God had sent the Black Death as a punishment for their sins.

**49.** Given below are two statements, one is labelled as Assertion (A) and the other one labelled as Reason (R) :

**Assertion (A) :** Civilization in all its varied aspects constitutes the subject-matter of history.

**Reason (R) :** Such a cultural approach to history would make it a biography of civilization.

In the context of the above two statements, which one of the following codes is correct ?

**Codes :**

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is not the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false but (R) is true.

**50.** Who amongst the following medieval historiographers pronounced that : "Prejudice and partisanship obscure the critical faculty and preclude critical investigation" ?

(A) Al beruni

(B) Minhaj-us Siraj

(C) Ibn Khaldoun

(D) Ziyauddin Barni

**44.** निम्नलिखित में से महिला मताधिकार की माँग के लिए लन्दन जाने वाले शिष्टमण्डल का नेतृत्व किसने किया ?

(A) एनी बेसेंट

(B) सुचेता कृपलानी

(C) सरला देवी

(D) सरोजिनी नायडू

**45.** निम्नलिखित में से केबिनेट मिशन प्लान के सम्बन्ध में सही नहीं है ?

(A) इसने स्वतंत्र पाकिस्तान के निर्माण की माँग को रद्द किया ।

(B) इसने भारत के कॉमनवेल्थ से नाता तोड़ने के अधिकार को मान्यता दी ।

(C) भारतीय मंत्रीमण्डल के सभी सदस्य भारतीय होंगे ।

(D) इसने साम्प्रदायिक प्रतिनिधित्व की गुंजाइश जताई ।

**46.** भारत और पाकिस्तान के बीच नेहरू लियाकत समझौते पर किस समस्या को हल करने के लिए 1950 में हस्ताक्षर किये गए ?

(A) अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए

(B) रियासतों के विलय के लिए

(C) सीमा झगड़ों को निपटाने के लिए

(D) विदेशी सम्बन्धों के लिए

**47.** किस राज्य में पंचायती राज को सर्वप्रथम लागू किया गया ?

(A) तमिलनाडु

(B) राजस्थान

(C) महाराष्ट्र

(D) आंध्र प्रदेश

**48.** "ब्लैक डेथ" के सम्बन्ध में निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(A) खून चूसने वाले पिस्सू, जो काले चूहों पर रहते थे, ब्लैक डेथ के फैलने के लिए जिम्मेदार थे ।

(B) प्लेग को 'ब्लैक डेथ' कहा जाता है, क्योंकि इससे जानलेवा काली सूजन हो जाती है ।

(C) यह भयानक रोग 15वीं शताब्दी में एशिया से यूरोप में फैला ।

(D) लोगों का विचार था कि ईश्वर ने उनके पापों की सजा देने के लिए उस ब्लैक डेथ को भेजा है ।

**49.** नीचे दो कथन दिये जा रहे हैं, जिनमें से प्रथम को अभिकथन (A) और द्वितीय को तर्क (R) कहा गया है :

**अभिकथन (A)** : सभ्यता अपने सभी विविध पक्षों से इतिहास की विषय वस्तु बनती है ।

**तर्क (R)** : इतिहास के प्रति ऐसा सांस्कृतिक दृष्टिकोण इसे सभ्यता की जीवनी बना देगा ।

उपरोक्त दो कथनों से प्रदत्त कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट** :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है ।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या नहीं है ।

(C) (A) सत्य है, लेकिन (R) असत्य है ।

(D) (A) असत्य है, लेकिन (R) सत्य है ।

**50.** "पूर्वाग्रह और पक्षपात आलोचनात्मक दृष्टि को धुँधला करते हैं और आलोचनात्मक अन्वेषण को बाधित करते हैं ।" यह कथन किस मध्ययुगीन इतिहासकार का है ?

(A) अलबेरूनी

(B) मिनहाज़-उस-सिराज़

(C) इब्न खलदून

(D) जियाउद्दीन बर्नी